## सार-समाचार

### एसीआई की मानसी का इंस्पायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई उमावि झुंझुनूं की छात्रा मानसी शर्मा पुत्री विजय कुमार शर्मा का भारतीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इन्सपायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर संस्था ने छात्रा का तिलक, माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। यह अवार्ड स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रोत्साहन करने के उद्देष्य से प्रतिवर्ष दिया जाता है। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि मानसी शर्मा कक्षा 10वीं की मेधावी छात्रा है। जिसके द्वारा प्रेषित आइडिया द आटो रिफिल पेट फिडर का भारतीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इन्सपायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन हुआ है। संस्था निदेशक मनोज शर्मा ने छात्रा की वैज्ञानिक सोच एवं विज्ञान के प्रति रूझान की सराहना करते हुए छात्रा को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिव्या रोहिला, धर्मेंद्र नागर, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्रसिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, राकेश चौधरी, पूनम जांगिड़, सरिता कुमारी, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, पूनम शर्मा, नरेश कुमार, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील, बिलाल अली उपस्थित थे।

### कॅरियर से संबंधित कार्यक्रम आयोजित

**सीकर** (निसं)। महिला अधिकारिता में संचालित योजना पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र एव विज़न एजुकेशन वर्ल्ड के संस्थापक विवेक कालेर के समन्वय से स्कूल में कॅरियर से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक नीलम कुमारी, एडवोकेट कृष्णा सोनी द्वारा बालक-बालिकाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में बताया गया। यह अभियान न केवल लिंग भेदभाव को कम करने में मदद करता है, बल्कि लड़कियों को समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। इस योजना के कारण लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में बेहतर अवसर मिल रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब अपने भविष्य के बारे में बेहतर निर्णय ले पा रही हैं तथा अपने आप को सुरक्षित महसूस भी कर रही है। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी देते हुए इसके साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं सखी केंद्र, महिला सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, पीएसएसके की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाईन नम्बर साझा किया गया। विजन वल्ड सीबीएसई स्कूल के बच्चों संग होली स्कूल संस्थापक विवेक कालेर एवं पीएसएसके प्रबंधक नीलम कुमारी, कृष्णा सोनी व समस्त स्टॉफ के साथ होली महोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

**पाटन** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, न्यौराना-पाटन के कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने व्यावसायिक औद्योगिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य श्रीमती निर्मला देवी ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस शैक्षिणक यात्रा के दौरान कोशल शिक्षक नरेश सैनी, पवन कुमार सैनी तथा स्वयं प्रधानाचार्य विद्यार्थियों के साथ रहे।विद्यार्थियों ने आईटीआई अरावली कॉलेज की लैब का अवलोकन किया, जहाँ उन्हें आईटी ट्रेड से संबंधित विभिन्न उपकरणों की जानकारी मिली। कुशल प्रशिक्षकों ने उन्हें कंप्यूटर के विभिन्न भागों के कार्य और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने इस जानकारी को बड़े उत्साह से ग्रहण किया और इसे अपने भविष्य के लिए उपयोगी बताया।प्रधानाचार्य निर्मला देवी ने कहा कि इस तरह के औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में तकनीकी क्षेत्र में बेहतर अवसरों के लिए तैयार हो सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने ऐसे शैक्षिणक भ्रमण को भविष्य में भी जारी रखने की बात कही।

### फागोत्सव में थिरके ब्रह्मचारी

**चूरू** (निसं)। सेठ जयदयाल गोयनका द्वारा स्थापित स्वामी रामसुखदास महाराज द्वारा सिंचित गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा संचालित स्थानीय श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम में बुधवार को होली की पूर्व संध्या पर आश्रम में भव्य फागोत्सव मनाया गया। इस दौरान ब्रह्मचारियों ने गींदड नृत्य, ढ़फ नृत्य, डांडिया नृत्य के साथ फाल्गुनी धमाल व गीतों की स्वर लहरियों से आसमां को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम में लोक कला व प्राचीन संस्कृति को साकार कर दिया। इस दौरान आगंतुक अतिथियों का तिलकार्चन कर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान ब्रह्मचारियों ने ताल से ताल मिलाकर गणेश वंदना, भगवान शंकर, श्रीकृष्ण, श्रीहनुमान आदि धमाल की प्रस्तुति व नृत्य कर उपस्थित जन को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान ब्रह्मचारियों, आचार्यों, कर्मचारियों व मेहमानों ने कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। आश्रम के प्रबंधक ईश्वरसिंह राठौड़ ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### भार वाहनों के वाहन कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च

**झुंझुनूं,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने जानकारी दी है कि भार वाहनों (वाणिज्यिक वाहनों) का वाहन कर वित्तीय वर्ष 1 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए 15 मार्च 2025 तक आवश्यक रूप से राजकोष में जमा कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक कर जमा नहीं करने वाले वाहन स्वामियों पर नियमानुसार शास्ति (जुर्माना) लगाई जाएगी और उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने समस्त वाहन स्वामियों से अपील की है कि समय सीमा समाप्त होने से पहले ही कर जमा कराएं। ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। वाहन स्वामी अपने कर का भुगतान ऑनलाइन या संबंधित परिवहन कार्यालय में जाकर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या झुंझुनूं परिवहन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### फागोत्सव मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। नर्बदा अतिथि भवन में आयोजित सद्भाव फागोत्सव में लुहारी के साथ हुई चौधरी की नोंक झोंक चर्चा में रही। पार्टी फतेहपुर की मस्ताना चौक थी। होली गायक राजू तिवाड़ी ने जब गाना शुरू किया कि पानी भरती क लड़गो टाटियो टाटियो... तो दर्शक झूमने लगे। आयोजक मनीष शर्मा, जितेंद्र ढेढिया, आंनद सोनी, संदीप सोनी ने देर रात तक व्यवस्थाए बनाए रखी। विशेष रूप से प्रदीप पाटोदिया, नीटू केडिया, प्रकाश ढेढिया, मनीराम सैनी, राजेश टेलर, कमल केजरीवाल, सीए सुनिल केडिया, बंटी पंसारी, सुंदर पारीक, पवन सैनी, मनोज यादव, बीजू चावला, नितेश टीबड़ा आदि उपस्थित रहे।

### सोनू कुमावत छात्रावास अधीक्षक बनी

**झुंझुनूं,** (निसं)। नगर परिषद के आयुक्त के अलावा उदयपुरवाटी, नवलगढ़, मुकुंदगढ़ सहित कई नगरपालिकाओं में ईओ रहे रामनिवास कुमावत की पुत्रवधु सोनू कुमावत का छात्रावास अधीक्षक के पद पर चयन हुआ है। पुत्रवधु के चयन पर कुमावत को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। कुमावत ने बताया कि सात मार्च 2024 को सोनू कुमावत की शादी उनके पुत्र आकाश कुमावत के साथ हुई थी। भगवान की कृपा और सोनू कुमावत की मेहनत का परिणाम भी सात मार्च 2025, यानि पहली वर्षगांठ पर आया। सोनू कुमावत मूल रूप से बुहाना के समीप कुहाड़वास की रहने वाली है।

### राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी

**चूरू** (निसं)। श्याम ढ़प मंडली की ओर से सारडों के नोहरे में चल रहे फागोत्सव में राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान राजेन्द्र चौबे, महेश हारित व अन्य कलाकारों ने राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य कर कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर महेंद्र चौबे, रामावतार लोहिया, कृष्ण कुमार महर्षि ने जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, मंगतु राम चोटिया, सुरेश सारस्वत का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महेश हारित ने किया।

# 'ओलावृष्टि से हुए नुकसान का किसानों को पूरा मुआवजा मिले'

**चूरू** (निसं)। सांसद राहुल कस्वां ने बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के अंतर्गत चूरू लोकसभा सहित उत्तर-पश्चिम राजस्थान में हुई भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की रबी की फसलों के नष्ट होने का मुद्दा उठाते हुए मुआवजे की मांग की।

सांसद कस्वां ने अपने सम्बोधन में कहा कि भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई। सालों साल से इतनी भारी ओलावृष्टि देखने को नहीं मिली। चूरू संसदीय क्षेत्र की तहसील सादुलपुर, तारानगर, नोहर व भानीपुरा सहित कई इलाकों में किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। नुकसान के आंकलन हेतु स्पेशल गिरदावरी तो शुरू हो चुकी है, लेकिन स्पेशल गिरदावरी केस की सबसे बड़ी समस्या यह है कि व गाइडलाइंस में 2 हैक्टेयर की कैपिंग लगा रखी है यानि कि 2 हैक्टेयर से अधिक के नुकसान की भरपाई नहीं की जायेगी। अत: सरकार ये 2 हैक्टेयर कैपिंग को हटाए; क्योंकि राजस्थान क्षेत्रफल में बड़ा प्रदेश है और प्रति किसान लगभग 6-7 हैक्टेयर कृषि भूमि है। अत: इन कैपिंग वाली गाइडलाइंस को हटाकर सभी किसानों को पूरे नुकसान का मुआवजा दिया जाये।

साथ ही व की गाइडलाइंस में प्रति किसान मात्र 17 हजार नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा राशि देने का नियम भी बंद किया जाए क्योंकि किसानों के एक हैक्टेयर में लाखों की फसलें उत्पादित होती हैं। राजस्थान जैसे प्रदेश में हमारा वो इलाका है जहां मौसम आधारित खेती हमारा किसान करता है। अत: किसानों का नुकसान जो हुआ है उसकी पूरी तरह से भरपाई करने हेतु मुआवजा राशि दी जाये।

इसके अलावा सांसद कस्वां ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाइडलाइंस में बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि पहले योजना की गाइडलाइंस में था कि यदि किसान की फसल खड़ी हुई हो या काट ली हो और उस स्थिति में यदि किसान को नुकसान होता है तो व्यक्तिगत नुकसान के अंतर्गत उसे बीमा क्लेम दिया जायेगा, लेकिन 2023 में इस योजना की गाइडलाइंस में बदलाव कर खड़ी फसल के नुकसान को बाहर कर दिया गया है जो किसान हित्तों के खिलाफ है।

अत: सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पहले की तरह खड़ी व कटी हुई फसलों के खराबे की स्थिति में व्यक्तिगत नुकसान में शामिल करे। खड़ी फसल पर ओलावृष्टि या अन्य किसी आपदा से नुकसान होता है तो उसका भी बीमा क्लेम/मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित करे; ताकि किसानों का अहित्त न हो।

## फागोत्सव-2025 का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में फागोत्सव 2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर चंग की थाप के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रोफेसर मंजू चौधरी ने बताया कि फागोत्सव मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी को शेखावाटी की लोक परंपराओं से रुबरु करवाना है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास मील ने होली को सामाजिक समरसता एवं सद्भाव के साथ मनाने का आव्हान किया। इस दौरान विद्यार्थियों के विभिन्न दलों ने पारंपरिक वेशभूषा में शेखावाटी के लोक नृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। फागोत्सव में विद्यार्थियों ने रंग मत डाले रे सांवरिया, राजा बली के दरबार मची होली, चालो देखन ने बाईसा, बाजणती बंगडी आदि धमाल गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी।

# महावीर इंटरनेशनल रीजन-2 एवं जोन सीकर-झुंझुनूं कॉन्फ्रेंस संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल रीजन-2 एवं जोन सीकर-झुंझुनूं कॉन्फ्रेंस व होली स्नेह मिलन श्री श्याम मंदिर परिसर नूआं में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। मीटिंग में रीजन एवं जोन के काफी संख्या में पदाधिकारी वीर वीराएं उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान ने बताया कि संस्था के शानदार 50 वर्ष पूर्ण होने पर "गोल्डन जुबली" एक विशेष पर्व की तरह मनाया जाएगा। वीर एवं वीराओं से विशेष आग्रह किया गया है। जयपुर में आगामी होने वाले पांच और छह जुलाई के विशेष कार्यक्रम पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का प्रयास करें। अपने अपने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करें। केंद्र द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा कर केंद्रों को सम्मानित किया गया एवं अधिक से अधिक और सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़ ने केंद्रों को और अधिक सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे चौपाल कार्यक्रम के बारे में बताया और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। संस्था के रीजन डायरेक्टर एवं केंद्रों के पदाधिकारी ने अपनी अपनी बातें रखी। बहुत ही शानदार होली स्नेह मिलन ढप और धमाल की थाप पर बाबा श्याम को रिझाकर फागुन की मस्ती का लुफ्त उठाया। स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन डायरेक्टर डॉ. एसएन शुक्ला, एमआईएफ डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, एमआईएफ डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, एमआईएफ मुबारक अली पहाड़ियान, जीसीएम रमेशचंद्र शर्मा, सुमेरसिंह करणावत, जयप्रकाश शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, दशरथ सिंह, भानिराम टेलर, अशोक कुमार तुलस्यान, पवनकुमार खेतान, संस्था चेयरमैन सुशील कुमार तोलासरिया, सत्यदेव दड़िया, रमेश कुमार जांगिड़, नवलकिशोर गोयल, आरती मूंड, अजय खेतान, रफीक अहमद, सन्नू मोदी, सुनिला चौधरी, मनोहरलाल जांगिड़, विकास अग्रवाल, किरण अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, मनोज कुमार शर्मा, सुलोचना देवी जालान, नितिन जालान, पूजा जालान, राजेश कुमार जालान, श्याम शर्मा, मनोज अग्रवाल काफी संख्या में वीर वीराएं एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड प्रतियोगिता का समापन

**सीकर** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में समापन समारोह श्याम इंटरनेशनल स्कूल खाटू श्यामजी के समीप 5 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित हुई।

स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का समापन व पुरस्कार वितरण पूर्व मुख्य सचिव एवं स्काउट गाइड राजस्थान के स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन लाल आर्य के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि सीकर जिले की स्काउट गाइड गतिविधि पूरे राजस्थान प्रांत के लिए अनुकरणीय उदाहरण है व पूरे राज्य में अग्रणी भूमिका निभाते हैं । सीकर जिले के स्काउट गाइड का सौभाग्य है कि उन्हें ऐसे पवित्र स्थान पर प्रतियोगिता रैली करने का अवसर प्राप्त हुआ।

उन्होंने स्काउट गाइड से सेवा भावना से काम करने एक दूसरे का सहयोग करने निस्वार्थ सेवा मां-बाप वृद्धि तकलीफ वालों की सेवा सहित अनुशासन में रहने आत्मनिर्भर बढ़ाने और राष्ट्र भावना को बढ़ाने और राष्ट्र के लिए हमेशा समर्पित रहने के लिए आ ान किया। उन्होंने कहा कि मुझे भी प्रथम सोपान से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक स्काउट गाइड जंबूरी में सहभागिता करने का मौका मिला।

सीओ स्काउट बसंत कुमार लाटा व सीओ गाइड प्रियंका कुमारी ने अतिथियों का स्कार्फ पहना कर स्मृति चिन्ह देकर व साफा पहनाकर सम्मान किया,जिला प्रधान बाबूलाल गुर्जर ने शाब्दिक स्वागत से अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

रैली संचालक रामलाल चौधरी ने स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सीओ स्काउट वसंत कुमार ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर प्रतियोगिता रैली में आयोजित हुई विभिन्न 18 प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय स्थान उच्च स्तर व स्टार प्राप्त करने वाले समस्त स्थानीय सांडों को वह ग्रुपों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण देकर सम्मानित किया। चीफ कमिश्नर शील्ड पर स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा ने कब्जा जमाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रति नियुक्त स्टाफ को भी मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्टेट कमिश्नर पूर्व डीजी आर पी सिंह ने भी स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए देश सेवा में आगे रहने की बात कही। स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में 1455 स्काउट गाइड रोवर रेंजर स्काउट गाइड ने सहभागिता की।

## होली विशेष अंक का विमोचन

**रतनगढ़** (निसं)। शहर के रामचंद्र पार्क में रतनगढ़ परिक्रमा के होली विशेष अंक का आज प्रात: विमोचन हुआ। अंक का विमोचन रतनगढ़ जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़, समाजसेवी जोधराज बैंद,समाजसेवी छतरसिंह हीरावत ,जैन परिषद के स्थानीय सदस्य प्रतापसिंह बोथरा, कृष्णकुमार सराफ, ललित आंचलिया, मांगीलाल स्वामी ने किया। गौर तलब है कि रतनगढ़ परिक्रमा गत 28 वर्षों से होली के पर्व पर नगर के प्रमुख जनों को उपाधियां, अजब गजब कार्टून, लोक संस्कृति लेख, कविता आदि गत अठाईस वर्षों से निरंतर प्रकाशित करता आ रहा है होली पर्व पर इस अंक कि आमजन को प्रतीक्षा रहती है। अंक के संपादक ओम सारस्वत ने सभी का आभार प्रकट किया।

## होली पर्व को लेकर बाजारों में उत्साह

**चिड़ावा** (निसं)। रंगों के त्योहार होली को लेकर चिडावा के बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। मुख्य बाजारों से लेकर गली मोहल्लों तक रंग-गुलाल, पिचकारी और मुखौटों से दुकाने सजी नजर आती हैं।

बच्चों और युवाओं में होली को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।इस बार होलिका दहन 13 मार्च को होगा और धुलंडी 14 मार्च को मनाई जाएगी। बाजारों में रंग-बिरंगे अबीर एवं गुलाल की धूम है। पिचकारी, कपड़े, किराना सामान, मेवा की खरीददारी तेज है। होलिका दहन की पूजा के लिए भी पूजन सामग्री की भी खरीदारी लोग कर रहे हैं। होली के दौरान उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री की बिक्र भी परवान पर है।

# भामाशाह महेश बागड़ी ने छात्रावास का अवलोकन किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। जाने-माने उद्योगपति भामाशाह समाजसेवी लक्ष्मनगढ निवासी हैदराबाद प्रवासी महेश बागड़ी ने यहां राष्ट्रीय राजमार्ग सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास का अवलोकन करने के लिए परिजनों के साथ छात्रावास प्रांगण पहुंचे तथा छात्रावास के आवासीय विधार्थियों व लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्रों से मुलाकात कर उनसे छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह जानकारी देते हुए छात्रावास निर्माण समिति के संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल, फाइनेंस कंसल्टेंट झाबरमल सिंगोदिया व महामंत्री महेंद्र चुनवाल ने बताया कि उधोगपति बागड़ी के छात्रावास पहुंचने पर छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों सदस्यों ने बागड़ी व परिजनों का मोतियों की माला, छात्रावास का दुपट्टा पहनाकर व छात्रावास का प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान बागड़ी के साथ छात्रावास पहुंचे उधोगपति इन्द्रपाल धुपिया, राजकुमार कम्मा, प्रेमप्रकाश बागड़ी, रामगोपाल कटारिया, अनिल कम्मा, हर्ष बागड़ी, मोहित बागड़ी, उज्जवल बागड़ी, मयंक कम्मा, कनक कम्मा, पलक कम्मा, काव्या कम्मा, श्रीमती सुलोचना धुपिया, श्रीमती आशा कम्मा, श्रीमती सुषमा कम्मा, श्रीमती बबीता बागड़ी का भी समिति ने स्वागत किया। इस दौरान बागड़ी ने छात्रावास के निर्माण कार्य, नि:शुल्क संचालित लाइब्रेरी, छात्रावास में रहने वाले युवाओं की जानकारी ली तथा कार्य की प्रगति, छात्रावास की योजना आदि से प्रभावित हुए तथा छात्रावास को हरसंभव मदद करते रहने का विश्वास दिलाया। उल्लेखनीय है कि उधोगपति बागड़ी की ओर से छात्रावास में भव्य व शानदार राम मंदिर का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

# 'प्रदेश के 1630 गांव-ढाणियों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा'

■ '3 हजार 500 करोड़ की लागत से 5 हजार किमी सड़कें बनाई जायेंगी'

**सीकर** (निसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण में प्रदेश की लगभग 1630 बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि अनुमानित 3 हजार 500 करोड़ की लागत से लगभग 5 हजार किमी पक्की सड़कों का निर्माण करवाकर दूरदराज के गांवों, ढाणियों,बसावटों को सर्वकालिक सड़कों से जोड़ा जायेगा।

उपमुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत स्थापित राजस्थान ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोडना हमारी पहली प्राथमिकता है। इससे न केवल परिवहन सुगम एवं तीव्र होगा बल्कि आर्थिक विकास के भी नये द्वार खुलेगें।

**सर्वे में प्रथम रहे है, क्रियान्वयन में भी शीर्ष पर रहे:-** उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार पीएमजीएसवाई चतुर्थ चरण में सड़कों के सर्वे में प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा है, उसी गति से सड़क निर्माण में भी काम करवायें ओर प्रदेश को देश में शीर्ष स्थान पर लायें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से यथाशीघ्र स्वीकृतियां प्राप्त करके शीघ्र सडकों का निर्माण शुरू करवायें।

गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत प्रदेश की 1630 ग्रामीण बसावटों में सड़कों के लिए सर्वे का कार्य 31 जनवरी से पूर्व ही करवाया जा चुका है। देश में राजस्थान द्वारा यह सर्वे सबसे पहले पूरा करवाया गया है। इसके तहत 1374 मरूस्थलीय, जनजातीय एवं आशान्वित जिला, ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित बसावटों, 500 से 999 आबादी की 191 बसावटों, 1000 एवं उससे अधिक की 30 बसावटों तथा धरती आभा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत 35 बसावटों को सर्वकालिक पक्की सडकों से जोडा जायेगा।

उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी व्यक्त की प्रदेश का पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत निर्मित सड़कों में लम्बाई के दृष्टिकोण से देश में दूसरा स्थान है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत करवाये जा रहे सड़क निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### कॉमर्स ओलिंपियाड में बाजी मारी

**डूंडलोद,** (निसं)। साइंस ओलिंपियाड फैडरेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कॉमर्स ओलिंपियाड में डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के छह विद्यार्थियों प्रिया मूंड, दीपिका सारण, कार्तिक गोयल, यथार्थ जोशी, मीनल शर्मा और भव्य ने गोल्ड मैडल जीते। मैडल विजेता सभी विद्यार्थियों को विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष एसएस रणवां व प्राचार्य डी. लाल ने मैडल व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डी. लाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में ड्राइंग या आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिताओं में, साहित्यिक प्रतियोगिताओं में, ओलिंपियाड में तथा बोर्ड परिणाम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं हमेशा अव्वल रहते आए हैं। यह इनके सर्वांगीण विकास का ही परिणाम है। संचालन समिति के अध्यक्ष एसएस रणवां ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि यदि कुशल प्रबंधन, अथक परिश्रम, लगन व श्रेष्ठ निर्देशन से कार्य किया जाए। तो सफलता अवश्य ही कदम चूमती है। निकट भविष्य में ये विद्यार्थी इसी प्रकार सफलता अर्जित करते हुए एक ना एक दिन अपने परिवार, ग्राम व देश का नाम रोशन अवश्य करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय संचालन समिति के सदस्य राहुल रणवां, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर, एसईपी प्रभारी राहुल मिश्रा, वाणिज्य संकाय के समस्त प्राध्यापक तथा समस्त डीपीएस परिवार उपस्थित था।

### खाटूश्यामजी मेले के दौरान 41 नाबालिग भिक्षावृत्ति से मुक्त करवाए

**सीकर** (निसं)। खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के 12 दिवसीय वार्षिक फाल्गुनी मेले में पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव और बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ गार्गी शर्मा के निर्देशन में मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्प लाइन टीम द्वारा खाटूश्याम जी में 28 फरवरी से 11 मार्च तक 41 नाबालिग बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया जिसमें 19 बच्चे और 22 बच्चियां है जिनकी उम्र 7 से 15 वर्ष के बीच है सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंकुर बहड़, सदस्य बिहारी लाल बालान ,सदस्य पुष्पा सैनी के समक्ष पेश कर बच्चों को परमार्थ सेवा संस्थान ,कस्तूरबा संस्थान,सखी वन स्टॉप सेंटर में प्रवेश दिलाया गया , बच्चे अलग-अलग शहर शहर से बताए जा रहे हैं यह कार्रवाई भिक्षावृति उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है टीम में मौजूद मानव तस्करी विरोधी यूनिट से प्रभारी सीआई सुनीता बायल एसआई कृतिका सोनी हेड कांस्टेबल रेखा, कौशल्या, कमलेश,प्रेमप्रकाश, चाईल्ड हेल्प लाइन से राकेश चिरानिया विनीत, सुनीता,ममता,कृष्णकांत, मनीष,धर्मचंद,आदि शामिल रहे ।

### एसपी ने नई गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**चूरू** (निसं)। पुलिस मुख्यालय से जिला पुलिस को 10 बोलेरो व नौ बाइकें दी गई है। ये सभी वाहन संबंधित थानों में आबंटित किए गए है। एसपी जय यादव ने बुधवार को वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर संबंधित थानों के लिए रवाना किया। इसमें आठ बोलेरो थानों में दी गई है और एक बोलेरो हाइवे मोबाइल राजगढ़ व एक बोलेरो पुलिस लाइन को दी गई है। अब चूरू कोतवाली, चूरू सदर, रतननगर, सिद्धमुख, सांडवा, भानीपुरा, तारानगर व सालासर थाने को नई बोलेरो आवंटित की गई है। इसके साथ ही नौ बाइक भी आवश्यकतानुसार थानों में व रात्रि गश्त के लिए आवंटित की गई है। इससे पुलिस का फील्ड संबंधी काम त्वरित होगा, जिससे लोगों को भी राहत मिलेगी। एसपी ने बताया कि इन गाड़ियों से अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी।

### 'प्राकृतिक रंग से होली खेलें'

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए होली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने होली की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यह ऐसा त्यौहार है। जो सामाजिक सरोकारिता को बढ़ाने के साथ-साथ आपसी गिले शिकवे को दूर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को रासायनिक पदार्थों से बने रंग का इस्तेमाल न करने एवं प्राकृतिक रंग से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या निधि सिहाग ने विद्यार्थियों तथा समस्त स्टाफ को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ एवं समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### खाटूश्याम जी लक्खी मेले में परिवार से अलग हुए बच्चे को मिलाया

**सीकर** (निसं)। खाटूश्याम जी में बाबा श्या